कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in

प्रेस-नोट, जनपद भदोही

दिनांक- 07.11.2026

आज दिनांक-07.11.2026 को दीपावली के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा आमजन को विशेष सौगात,CEIR पोर्टल की मदद से 67 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद, कीमत करीब ₹12,39,500 (बारह लाख उन्तालीस हजार पाँच सौ), जनवरी 2026 से अब तक भदोही पुलिस ने बरामद किए 981 गुमशुदा मोबाइल फोन, कुल कीमत ₹1.67 करोड़ से अधिक है ।

दीपावली के शुभ अवसर पर भदोही पुलिस द्वारा आमजन को विशेष सौगात देते हुए गुम/खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत **67 गुमशुदा मोबाइल फोन**, जिनकी अनुमानित कीमत **₹12,39,500 (बारह लाख उन्तालीस हजार पाँच सौ)** है, बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। जनवरी 2026 से अब तक भदोही पुलिस द्वारा कुल 981 गुम/खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब ₹ 1,67,39,500 (एक करोड़ सड़सठ लाख उन्तालीस हजार पाँच सौ रुपये) होगी।

श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के दिशा-निर्देशन में जनपद में गुम/खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन के गुम हुए मोबाइल फोनों को तकनीकी माध्यमों से बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुँचाना है।उक्त निर्देशों के क्रम में **श्री शुभम अग्रवाल,** अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों को CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए गुम मोबाइलों की बरामदगी में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। शिकायत प्राप्त होते ही मोबाइल का IMEI नंबर एवं अन्य आवश्यक विवरण CEIR पोर्टल पर दर्ज कर, पोर्टल से प्राप्त ट्रेसबिलिटी डिटेल्स, सिम नंबर एवं लोकेशन आदि का तकनीकी विश्लेषण करते हुए त्वरित कार्रवाई, नियमित समीक्षा एवं फॉलो-अप के निर्देश दिए गए।

निर्देशों के अनुपालन में जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा CEIR पोर्टल, जनसुनवाई एवं डायल-112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर सतत प्रयास करते हुए कुल 67 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए।

आज दिनांक 07.11.2026 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, ज्ञानपुर स्थित सभागार में **श्री अभिनव त्यागी**, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही एवं जनपदीय पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया तथा पुलिस की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की गई।

भदोही पुलिस आमजन की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी संपत्ति की सुरक्षा के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनपद पुलिस की इस कार्यप्रणाली ने एक बार फिर आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत किया है

विभिन्न थानों द्वारा बरामद किए गए मोबाइलों की विवरण सूची :-

ज्ञानपुर – 10
गोपीगंज – 10
कोईरौना – 06
भदोही – 04
औराई – 16
सुरियावां – 20
दुर्गागंज – 01 (कुल बरामद मोबाइल – 67)